शिव शंकर के अवतार मेरे बालाजी सरकार दास तेरा हो जाऊँ

शिव शंकर के अवतार,
मेरे बालाजी सरकार,
दास तेरा हो जाऊँ,
झूठी दुनिया का हूँ फ़िलहाल,
मैं तेरा हो जाऊँ,
कुछ ऐसा कर कमाल,
मैं तेरा हो जाऊँ,
झूठी दुनिया का हूँ फिलहाल,
मैं तेरा हो जाऊँ।bd।

तर्ज – मैं तेरा हो जाऊँ।

दुनिया के झूठे नाते,
मैं छोड़ के आया हूँ,
अपना सालासर वाले,
दुनिया का सताया हूँ,
मेरी सुनले दीनदयाल,
मैं तेरा हो जाऊँ,
झूठी दुनिया का हूँ फिलहाल,
मैं तेरा हो जाऊँ।bd।

अपने भक्तो की सुनते,
तूम दातार कहाते हो,
राम राम जो जपता,
उसे गले लगाते हो,
माता अंजनी के लाल,
मैं तेरा हो जाऊँ,
झूठी दुनिया का हूँ फिलहाल,
मैं तेरा हो जाऊँ।bd।

मेरी नैया डगमग डोले,
अब जल्दी आ जाओ,
पकड़ो मेरी कलाई,
आकर पार लगा जाओ,
'टोनी' को लो संभाल,
मैं तेरा हो जाऊँ,
झूठी दुनिया का हूँ फिलहाल,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मैं तेरा हो जाऊँ।bd।

शिव शंकर के अवतार,
मेरे बालाजी सरकार,
दास तेरा हो जाऊँ,
झूठी दुनिया का हूँ फ़िलहाल,
मैं तेरा हो जाऊँ,
कुछ ऐसा कर कमाल,
मैं तेरा हो जाऊँ,
झूठी दुनिया का हूँ फिलहाल,
मैं तेरा हो जाऊँ।bd।

Singer & Lyricist – Sukhjeet Singh Toni

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com